# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

## प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा, 2019 के परीक्षाफल के पुनरीक्षण से संबंधित आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा, 2019 से संबंधित सभी परीक्षार्थियों एवं महाविद्यालय के प्रधानों को सूचित किया जाता है कि परीक्षार्थियों द्वारा दिए गये अभ्यावेदन के आलोक में निम्नवत् शर्तों के अनुरुप पुनरीक्षण की सुविधा प्रदान की जा रही है।

- स्क्रूटनी के लिए अभ्यावेदन समर्पित करने की तिथि दिनांक 23.11.2020 से 28.11.2020 तक निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात् अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। अभ्यावेदन महाविद्यालय प्रधान से अग्रसारित कराना आवश्यक होगा।

- प्रत्येक सैद्धांतिक विषय का पुनरीक्षण शुल्क 500/– (पाँच सौ) रुपये होगा। शुल्क की राशि का बैंक ड्राफ्ट "**JAC FUND**" के नाम से देय होगा एवं राँची में भुगतेय होगा। आवेदन के साथ अंक–पत्र की छायाप्रति निश्चित रुप से संलग्न करें।

- स्क्रूटनी में निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जाएगा :–
  (क) अंदर के पृष्ठ में नियोजित अंक अगर मुख्य पृष्ठ पर अंकित नहीं है तब उसे मुख्य पृष्ठ पर अंकित करते हुए योग में सुधार किया जाएगा।

  (ख) अगर कोई प्रश्नोत्तर बिना मूल्यांकन के रह गया है तो उसका मूल्यांकन किया जाएगा।

  (ग) अंकों का योग अगर सही नहीं है तब उसमें सुधार किया जाएगा।

- स्क्रूटनी के लिए आवेदन देने वाले छात्रों को स्पष्ट किया जाता है कि स्क्रूटनी के तहत मूल्यांकित प्रश्नों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाता है जिससे अंक वृद्धि की संभावना कम रहती है।

*****************************************************